जागरण

UP News: उद्यम सारथी ऐप पर होगा उद्यमिता का आनलाइन कोर्स, घर बैठे सीख सकेंगे कैसे शुरू करें उद्योग

Udyam Sarathi App उत्तर प्रदेश के युवाओं को उद्यमी बनाने और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए शीघ्र ही उद्यमिता का आनलाइन कोर्स शुरू किया जाएगा। उद्यमियों की सहायता के संचालित उद्यम सारथी ऐप पर यह नई सेवा शुरू होगी।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के गुर सिखाने और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में मदद के लिए जल्द ही उद्यमिता का आनलाइन कोर्स शुरू किया जाएगा। उद्यमियों की सहायता के लिए बनाए गए उद्यम सारथी ऐप पर यह नई सेवा शुरू होगी। इसके माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं सहित प्रदेश के युवा घर बैठे आसानी से उद्योग शुरू करने संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। लघु उद्योग विभाग द्वारा कोर्स से संबंधित प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने इस संबंध में शुक्रवार को निर्यात प्रोत्साहन भवन में बैठक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को उद्यमिता कार्यक्रम को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि उद्यम सारथी ऐप पर 60 घंटे का पाठ्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें प्रतिदिन एक घंटे क्लास होगी और यह दो माह तक चलेगा। युवा आनलाइन और आफलाइन, दोनों प्रकार से यह कोर्स कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि उद्यम सारथी ऐप पर विषय विशेषज्ञ युवाओं को उद्यमी बनने से जुड़े सभी पहलुओं से परिचित कराएंगे। साथ ही उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने संबंधी जानकारी भी देंगे।

प्रत्येक विषय के अलग-अलग चैप्टर होंगे। इससे युवा स्वेच्छा से पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ मनपसंद ट्रेड में उद्यमी बनने की बारीकियां जान सकेंगे। सहगल ने बताया कि उद्यम सारथी ऐप पर केंद्रीय, राज्य और बैंक की योजनाएं वीडियो व पीडीएफ फार्मेट में उपलब्ध कराई गई हैं। प्रोजेक्ट रिपोर्ट और विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण के आवेदन के लिए एक मंच दिया गया है।

इच्छुक व्यक्ति एक जिला एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के लिए आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि देना वाला बने। हर परिवार के व्यक्ति के पास रोजगार हो। इस संकल्प को पूरा करने में उद्यमिता का यह पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।